# मुख्य चौराहों एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में बने नालों की हो रही सफाई



**शाहजहांपुर (विधान केसरी)।** नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देषानुसार कोविड-19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा द्वारा 27.05.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन-02 में तारीन टिकली से हददफ चौकी, अंटा चौराहे के पास बने नाले एवं संगनी मैरिज लॉन से बहादुरगजं तक बने नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा संबन्धित को निर्देषित किया गया कि नाले से निकल रहे मलवे को भी यथाषीघ्र हटवा दिया जाये, जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित व राजमंगल उपस्थित रहे। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा नगर के सफाई जोन-01 में तारीन जलालनगर एवं ऑफीसर्स कॉलोनी में बने नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नाले में कार्य कर रहे कर्मचारियों को निर्देषित किया गया कि कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन अवष्य करें व फेस मास्क का उपयोग करें, जिससे कोविड-19 महामारी के सक्रमण से बचाव किया जा सकें। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के निर्देष पर 27.05.2021 को सफाई जोन-1 में तारीन जलालनगर एवं ऑफीसर्स कॉलोनी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक पवन कुमार, सफाई जोन-02 में संगनी मैरिज लॉन से बहादुरगंज तक एवं तारीन टिकली से हददफ चौकी तक व अंटा चाराहे के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक राजकुमार तथा सफाई जोन-3 कच्चा कटरा से कनौजिया अस्पताल तक बने नाले से निकले मलवे को उठवाये जाने का कार्य सफाई निरीक्षक राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन-4 में चारखम्बा से पाकड़ चौकी तक एवं पल्ले वाली पुलियॉ तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन-5 के ग्रीन वैली स्कूल से हनुमतधाम रोड पर बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।